हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 13 फ़रवरी 2025, समय 1810 (10 मिनट)

- लोकसभा में आज नया आयकर विधेयक, 2025 पेश किया गया।
- केंद्र सरकार विभिन्न राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं को एक साथ लाने की योजना बना रही है।
- आज विश्व रेडियो दिवस पर सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने नई दिल्ली में रेडियो महोत्सव-2025 का उद्घाटन किया।
- प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।
- हरियाणा सरकार ने प्रदेश में संचालित कोल्ड स्टोर की भंडारण क्षमता के आधार पर उन पर लगने वाले एकमुश्त शुल्क की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया।
- 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने जिमनास्टिक प्रतियोगिता में 7 पदक हासिल किए।

***************************************************************************

लोकसभा में आज नया आयकर विधेयक, 2025 पेश किया गया। आयकर से संबंधित कानून को समेकित और संशोधित करने के उद्देश्य से लाया गया यह विधेयक सदन की कार्यवाही में सूचीबद्ध किया गया है। अपने बजट भाषण में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नया आयकर विधेयक लाने की घोषणा की थी। उन्होंने यह भी घोषणा की थी कि सालाना 12 लाख रुपये तक की आय वाले लोगों को कोई आयकर नहीं देना होगा।

***************************************************************************

केंद्र सरकार विभिन्न राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं को एक साथ लाने की योजना बना रही है। राज्यसभा में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि असंगठित क्षेत्रों के लोगों के लिए कई पेंशन योजनाएं उपलब्ध हैं। इनमें अटल पेंशन योजना, पीएम श्रमिक मंथन और पीएम श्रम योगी मंथन शामिल हैं।

केन्द्रीय कार्मिक , लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा -

*************************************************************************

सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा है कि रेडियो सूचना, शिक्षा और मनोरंजन का एक विश्वसनीय स्रोत है। विश्व रेडियो दिवस पर आज नई दिल्ली में रेडियो महोत्सव-2025 का उद्घाटन करते हुए श्री जाजू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात अब एक परिवर्तनकारी मंच बन गया है, जहां आम लोगों की आवाज सुनी जाती है।

***************************************************************************

विश्व रेडियो दिवस पर अपने संदेश में प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने कहा कि समाचार और सूचना का प्रसार करते हुए रेडियो राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

*आज विश्व रेडियो दिवस की हमारे सभी श्रोताओं को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। संवाद के लिए और सूचनाओं के आदान-प्रदान के माध्यम से राष्ट्र के सांस्कृतिक और आर्थिक विकास में रेडियो की एक बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है और रेडियो एक बहुत सशक्त माध्यम है पूरे जन-जागरण तक पहुंचने का। बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय के ध्येय वाक्य को ध्यान में रखते हुए, दुनिया का सबसे बड़ा रेडियो नेटवर्क-ऑल इंडिया रेडियो, आकाशवाणी जन-जन तक मनोरंजन, शिक्षा और सूचना, का प्रसार करता है, प्रचार करता है।*

वहीं, श्रोताओं का अभिवादन करते हुए प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी ने कहा कि आकाशवाणी जहां भारत की समृद्ध संस्कृति और परंपराओं का वाहक रहा है, वहीं इसने भारत में वैज्ञानिक प्रगति की यात्रा से भी लोगों को जोड़ा है।इस अवसर पर आकाशवाणी की महानिदेशक डॉ. प्रज्ञा पालीवाल गौड़ ने कहा कि लगभग नौ दशकों से आकाशवाणी श्रोताओं तक सूचना, शिक्षा और मनोरंजन पहुंचा रहा है। आकाशवाणी सदैव जन-सरोकारों से जुड़ा रहा है।

*****************************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व रेडियो दिवस पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि समाचार और संस्कृति से लेकर संगीत और कहानी कहने तक, रेडियो एक शक्तिशाली माध्यम है।

*******************************************************************

प्रादेशिक सामाचार आकाशवाणी चंडीगढ़ से प्रसारित किए जा रहे हैं।

हमारे बुलेटिनों और ताज़ा समाचारों के लिए आप हमारी वेबसाइट newsonair.gov.in पर लॉग- इन कर सकते हैं। यह समाचार हमारे यू- ट्यूब चैनल और एक्स हैंडल Akashvani News Chandigarh पर भी उपलब्ध हैं।

*******************************************************************

हरियाणा सरकार ने प्रदेश में संचालित कोल्ड स्टोर की भंडारण क्षमता के आधार पर उन पर लगने वाले एकमुश्त शुल्क की दरों में संशोधन करने का निर्णय लिया है। अब 2000 मीट्रिक टन तक या इससे कम भंडारण क्षमता वाले कोल्ड स्टोर पर 35 हजार रुपये की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। इसी प्रकार, 2001 से 5000 मीट्रिक टन क्षमता वाले कोल्ड स्टोर पर 55 हजार रुपये तथा 5001 मीट्रिक टन या इससे अधिक क्षमता वाले कोल्ड स्टोर पर 70 हजार रुपये की दर से एकमुश्त शुल्क निर्धारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस संबंध में आज स्वीकृति प्रदान की है।सरकारी प्रवक्ता ने बताया की संचालकों के अनुरोध को मानते हुए सरकार ने कोल्ड स्टोरेज की क्षमता के आधार पर एकमुश्त शुल्क के निर्धारण करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में राज्य में 222 कोल्ड स्टोर संचालित हैं।

*****************************************************.***************

हिसार स्थित उत्तरी क्षेत्रीय कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में 15 फरवरी से तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा।

संस्थान के निदेशक डॉ मुकेश जैन ने बताया
इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा करेंगे।उन्होंने बताया कि मेले में जम्मू कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक की कंपनियां अपनी कृषि मशीनरी लेकर आऐंगी। मेले में जैविक खेतीए ड्रोन तकनीकए सूक्ष्म सिंचाई व पशुपालन से संबंधित सभी जानकारियां किसानों को दी जाएंगी।उन्होंने बताया कि तीन दिवसीय इस मेले में लगभग 2 लाख किसानों के आने की उम्मीद है।

*****************************************************************************

हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए कल व परसों संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा प्रवक्ता ने बताया कि मुख्य अतिथि लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि कल विधानसभा अध्यक्ष हरविंदर कल्याण स्वागत भाषण देंगे और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व विधानसभा सदस्य भूपेन्द्र सिंह हुड्डा भी कार्यक्रम को संबोधित करेंगे।

****************************************************************************

भिवानी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र ने आने वाले एक-दो दिनों में अधिकतम तापमान में दो डिग्री तक कमी आने की संभावना जताई है।

मौसम वैज्ञानिक डा. देवीलाल ने बताया-

बदलते मौसम के चलते दो दिनों तक तापमान कम होने से फसलों की लाभ होगा। उन्होंने उसके दो दिनों बाद गर्मी बढ़ने के प्रभाव के चलते किसानों को फसलों की सिंचाई की सलाह दी है।

*****************************************************************************

उत्तराखंड के देहरादून में में चल रहे 38वें राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के खिलाड़ियों ने जिम्नास्टिक प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए 7 पदक हासिल किए।इनमें 2 रजत और 5 कांस्य पदक शामिल हैं।हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और कहा कि हरियाणा की बेहतरीन खेल नीति का खिलाड़ियों को खूब लाभ मिल रहा है। प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर देश व प्रदेश का नाम रोशन कर रहे हैं ।राष्ट्रीय खेलों में हरियाणा के जिम्नास्टों के उम्दा प्रदर्शन की खेल मंत्री ने सराहना की और कहा कि यह उपलब्धि न केवल खिलाड़ियों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि राज्य सरकार द्वारा खेलों को दिए जा रहे प्रोत्साहन का भी प्रमाण है।

*****************************************************************************

भारतीय रिजर्व बैंक ने सरकारी कामकाज के लिए सभी बैंकों को इस वर्ष 31 मार्च को अपनी सभी शाखाएं खुली रखने का परामर्श जारी किया है। केन्द्रीय बैंक ने कहा कि सरकारी प्राप्तियों और भुगतान से जुड़ी सेवाएं प्रदान वाले बैंकों की सभी शाखाएं 31 मार्च को खुली रहें ताकि वित्तीय वर्ष 2024-25 के भुगतानों और प्राप्तियों का निपटारा किया जा सके।